## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 10 मार्च को

**रायगढ़।** जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 10 मार्च को सायं 4 बजे जिला कार्यालय रायगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक के दौरान विभिन्न विषयों पर बिन्दुवार विस्तृत चर्चा की जाएगी। सर्वविभाग प्रमुख नियत तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### डिप्टी कलेक्टर रमेश कुमार मोर को मिला नजूल का प्रभार

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कार्यालयीन आदेश जारी करते हुए डिप्टी कलेक्टर रमेश कुमार मोर को अपने वर्तमान कार्यो के साथ-साथ अस्थायी तौर पर आगामी आदेश पर्यन्त नजूल अधिकारी रायगढ़ का संपूर्ण दायित्व सौंपा है। साथ ही उन्हें राजीव युवा मितान क्लब का नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### स्पेशल एजुकेटर के लिए दस्तावेज परीक्षण 11 मार्च को

**रायगढ़।** जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्पेशल एजूकेटर हेतु 11 मार्च 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कलेक्टोरेट परिसर रायगढ़ में दस्तावेज परीक्षण के लिए आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेज के मूल प्रमाण-पत्र एवं एक सेट सत्यापित फोटो कापी के साथ उपस्थित हो सकते है। दस्तावेज परीक्षण के लिए उपस्थित अभ्यर्थी के दस्तावेज परीक्षण में सही पाए जाने पर नियुक्ति आदेश जारी किया जाएगा। दस्तावेज परीक्षण में उपस्थित नहीं होने पर यह मान लिया जाएगा कि संबंधित नियुक्ति के लिए इच्छुक नहीं है। अनुपस्थित अभ्यर्थी के स्थान पर मेरिट क्रम से अन्य अभ्यर्थी को दस्तावेज परीक्षण हेतु उपस्थित होने संबंधी सूचना अलग से दी जाएगी। जिन अभ्यर्थियों को दस्तावेज परीक्षण के लिए बुलाया गया है इनमें भूपेन्द्र, सुष्मिता दिवाकर, दीपक कुमार, शनीत कुमार, निलिमा नायक, विनिता, खीरमती पटेल, निकिता टोप्पो एवं साध्वी भोई शामिल है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालयीन दिवस एवं समय पर कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक, समग्र शिक्षा, रायगढ़ कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

### एक किलो गांजा के साथ महिला आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के बोधघाट थाना क्षेत्र अंर्तगत नयामुंडा अंबेडकर वार्ड में रैन बसेरा के पास गांजा बेचने वाली एक महिला सरिता कश्यप को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिला छोटी-छोटी पुडिय़ा बनाकर 50 और 100 रुपये में गांजा बेचती थी। पुलिस ने उसके पास से एक किलो से ज्यादा गांजा बरामद किया है। आरोपी महिला के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामला दर्ज कर कायैवाही कर रही है।

### ग्राम चारभाठा में हाथी के हमले से के व्यक्ति की मौत

**गरियाबंद (आरएनएस)।** जिले के पांडुका परिक्षेत्र में विचरण कर रहा एक दंतैल हाथी अब ग्राम मोहरा चारभाठा के करीब जंगल के आसपास लगे ग्राम में मण्डरा रहा है।उस हाथी के हमले से एक ब्यक्ति की मौत हो गई। घटना के विषय मे मिली जानकारी के अनुसार धमतरी जिले के ग्राम मोहरा निवासी सुखराम कमार अपने साथी के साथ चारभाठा ग्राम आया हुआ था जो सामुदायिक भवन में सोया था उसी दौरान अचानक दंतैल हाथी उसके हमला कर उसे मार डाला वही उसके शरीर को दो हिस्से में फाडक़र एक पैर को अलग कर दिया जिससे मौके में ही उसकी मौत हो गई।इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल ब्याप्त है।

### स्वयं के भरमार बंदूक से घायल हुआ ग्रामीण, मेकॉज में जारी है उपचार

**नारायणपुर (आरएनएस)।** जिले के ओरछा थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम चिंतलनार डुगरीपारा में जंगली सुअर का शिकार करने गया ग्रामीण संतू स्वयं के अपने भरमार बंदूक से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए मेकॉज में भर्ती किया गया है। घायल के परिजन भांजा मंगेश ने बताया की मामा संतू राम मडकामी के साथ घर से करीब 10 किमी दूर गुगला जंगल जंगली सुअर का शिकार करने के लिए गया हुआ था। उसी समय जंगल में एक सुअर भागता हुआ दिखाई दिया। जिसे संतू से अपने भरमार बंदूक से 02 गोली मारी, गोली लगने के बाद भी सुअर मौके से भाग निकला। जिसके बाद संतू भरमार बंदूक को अपने बाजू में रखकर बैठने के लिए घेरा बना रहा था की अचानक भरमार बंदूक नीचे अपने आप गिर पड़ी, जिससे की बंदूक अपने आप चल गई। बंदूक से निकले छर्रे संतू के पसली से होते हुए पीठ से आर-पार हो गई और संतू के पीछे रखे बॉस में जा धंसी। घायल को उपचार के लिए नारायणपुर के जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां से उसे बेहतर उपचार के लिए मंगलवार को मेकॉज रेफर किया गया है।

# अवैध प्लाटिंग पर लगातार जारी रहे कार्यवाही -कलेक्टर

- पांच साल से एक तहसील में पदस्थ पटवारी बदले जाएंगे
- स्थानीय परीक्षाओं के पेपर ब्लॉक स्तर पर सेट करवाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश
- सुपोषण अभियान की होगी साप्ताहिक समीक्षा
- तमनार और घरघोड़ा में लगेगा रोजगार मेला
- कलेक्टर सिन्हा ने ली समय-सीमा की बैठक

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज समय-सीमा की बैठक में सभी राजस्व अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अवैध प्लाटिंग पर लगातार कार्यवाही जारी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिले वहां तत्काल कार्यवाही करें। राजस्व मामले की समीक्षा करते हुए कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि शिविर लगाकर प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है, यह अच्छी बात है। किंतु अभी भी राजस्व से जुड़े छोटे-छोटे मामलों में लोग जन चौपाल में पहुंच रहे हैं। इसको लेकर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह अच्छी स्थिति नही है। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी नियमित रूप से कार्यालय में बैठें। हर गुरुवार को तहसील के पूरे राजस्व अमले को कार्यालय आना है। सभी एसडीएम और तहसीलदार इस दिन आर आई और पटवारियों के काम की समीक्षा करें। जो काम में लापरवाह हैं उन पर कार्यवाही करें। आम लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण होना चाहिए, मामलों के निराकरण में तेजी दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पांच साल से एक ही तहसील में पदस्थ पटवारियों की जानकारी तैयार करें। जल्द ही इन्हें भी बदला जाएगा।

बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने बोर्ड परीक्षा के साथ स्थानीय परीक्षा की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कक्षा 9 वीं और 11 वीं के लिए विकासखंड स्तर में पेपर सेट करवाने के निर्देश जिला शिक्षाधिकारी को दिए। जर्जर स्कूलों के मरम्मत के कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने जल्द सारे टेंडर फाइनल कर वर्क ऑर्डर निकालने के लिए निर्देशित किया। हाट-बाजार क्लीनिक के चयनित स्थानों में नियमित संचालन करने व निर्धारित सभी प्रकार के जांच व उपचार की सुविधा मुहैय्या कराने के निर्देश कलेक्टर सिन्हा ने सीएमएचओ डॉ.ठाकुर को दिए।



कलेक्टर सिन्हा ने इसके साथ ही निर्माण एजेंसी के कार्यों की भी समीक्षा कर कार्य जल्द पूरे करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने इसके साथ ही तमनार और घरघोड़ा में रोजगार मेला लगाने के निर्देश दिए। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इसकी तैयारी की जा रही है। 15 मार्च के बाद रोजगार मेला लगाया जाएगा।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**सुपोषण अभियान की होगी साप्ताहिक समीक्षा-** कुपोषण मुक्ति को लेकर कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि सुपोषण अभियान को लेकर किए जा रहे कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों और एनीमिक महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच और पोषण आहार दिया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग को पोषण आहार वितरण की रेगुलर मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने एनआरसी में बेड नियमित रूप से भरे हो यह सुनिश्चित करने स्वास्थ्य तथा महिला बाल विकास विभाग को संयुक्त रूप से अग्रिम कार्ययोजना बनाने के लिए कहा।

**रीपा का कार्य 20 मार्च तक कर लें पूरा-** कलेक्टर सिन्हा ने ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) के निर्माण कार्य की विकासखंड वार समीक्षा की। उन्होंने सभी रीपा में निर्माण कार्य और मशीनों के इंस्टालेशन का कार्य 20 मार्च तक पूरा करने के निर्देश सभी सीईओ जनपद को दिए।

### सुरक्षित होली खेलने व जंगलों के आसपास एवं सड़कों के बीच होलिका दहन न करने कलेक्टर ने की अपील

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने रायगढ़ जिलेवासियों को रंगों का त्यौहार होली पर्व की बधाई देते हुए हर्षोल्लास के साथ सुरक्षित होली खेलने का आग्रह किया है। उन्होंने जंगलों के आसपास एवं सड़कों के बीच होलिका दहन नहीं करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि होलिका दहन के समय सावधानी रखें, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना न हो, कई बार छोटी-छोटी असावधानियां बड़ी समस्याओं का कारण बनती है। जंगलों के आसपास होलिका दहन न करें। कई बार इससे लगी आग जंगल में फैलने लगती है तथा दावानल का रूप ले लेती है। जंगलों में आग लगने से वहां की जैव विविधता को भारी नुकसान पहुंचता हैं। न केवल वहां निवासरत पशु-पक्षी इस आग के दंश को झेलते है बल्कि वहां उग रहे नए नए पेड़-पौधे भी मर जाते है। जिससे जंगल के पुनर्जीवन पर भी बहुत नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जंगल की आग मिट्टी में पाए जाने वाले सभी सूक्ष्म जीवों को भी नष्ट कर देती है। जो मिट्टी की उर्वरता को समाप्त कर नए पौधों को पनपने से रोकती है।कलेक्टर सिंह ने कहा कि आने वाले समय में महुआ व तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य किया जाएगा। जंगलों में आग से इन वनोपजों को भी खासा नुकसान पहुंचता है तथा इनका संग्रहण कर जीविका चलाने वाले वनोपज संग्राहकों को सीधे तौर पर आर्थिक नुकसान होता है। इसी तरह सड़कों के बीच होलिका दहन करने से आग की लपटें ऊपर तक जाती हैं और सड़कों के ऊपर से लगे बिजली, टेलीफोन और इंटरनेट सेवा के तारों के जलने और गलने का खतरा बना रहता है। जिसकी वजह से बिजली तारों के साथ अन्य कई नुकसान की संभावना बनी रहती है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को सुरक्षित रखते हुए हर्षोल्लास के साथ होली मनाएं।

# रायगढ़ शहर में प्रशासन व पुलिस ने निकली पैदल मार्च



रायगढ़। चार पहिया वाहनों में फ्लैग मार्च के बाद शहर में प्रशासन व पुलिस ने पैदल मार्च कर शहर में शांति, सुरक्षा व सौहार्द का संदेश दिया। एसपी आफिस से निकला पैदल मार्च शहर के विभिन्न चौंक-चौराहों से होता पूरे मार्केट एरिया में भ्रमण किया गया। पैदल मार्च में एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय, ट्राफिक डीएसपी सुशांतो बनर्जी, तहसीलदार रायगढ़, आरआई अमरजीत खुंटे, टीआई कोतवाली शनिप रात्रे, थाना प्रभारी चक्रधरनगर एसआई नंदलाल पैंकरा, थाना प्रभारी जूटमिल एसआई कमल पटेल के साथ थाना कोतवाली, पुलिस लाइन और 6वीं बटालियन के जवान सम्मिलित थे।

वहीं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा, तहसीलदार विद्याभूषण साव के नेतृत्व में घरघोड़ा नगर में निकाला पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया जिसमें थाना प्रभारी हर्षवर्धन सिंह बैस, नायब तहसीलदार रामसेवक सोनी के साथ घरघोड़ा थाने का पुलिस बल शामिल थे। त्योहार को लेकर एसडीओपी दीपक मिश्रा , तहसीलदार विद्याभूषण साव ने घरघोड़ावासियों को होली की शुभकामनाएं देकर शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील किया गया।

# होली को लेकर रायगढ़ जिले में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

- जिले में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता, चौक-चौराहों में पुलिस बल तैनात
- पेट्रोलिंग के साथ शहर के गली मोहल्लों में होगी पुलिस की बाइक पेट्रोलिंग



रायगढ़। होली की पूर्व संध्या पर आमजन को सुरक्षा का बोध दिलाने के साथ शांति में खलल पैदा करने वाले हुड़दंगियों पर कार्यवाही के उद्देश्य से रायगढ़ शहर के साथ खरसिया, पुसौर, घरघोड़ा, तमनार क्षेत्र में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। साथ ही पुलिस मार्केट एरिया में पैदल पेट्रोलिंग पर है। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को शांति व सद्भाव के साथ मिजुलकर होली का त्यौहार मनाने की अपील किया गया है।

पुलिस कंट्रोल रूम में होली सुरक्षा व्यवस्था में लगाए जाने वाले पुलिस बल को एडिशनल एसपी रायगढ़ संजय महादेवा द्वारा ब्रीफ किया गया जिसके बाद पुलिस बल को पॉइंट ड्यूटी पेट्रोलिंग के लिए रवाना किया गया। आज शाम से लगा हुआ पुलिस बल कल रंगोत्सव पश्चात रात्रि तक ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर होली और शबे बरात पर्व को देखते हुए एडिशनल एसपी रायगढ़ के अगुवाई में फ्लैग मार्च निकाला गया। शहर के विभिन्न चौक चौराहों में भ्रमण करता हुआ फ्लैग मार्च कोतरारोड थाना क्षेत्र के नंदेली तथा जूटमिल थाना क्षेत्र के पटेलपाली तक फ्लैग मार्च कर पुसौर और खरसिया क्षेत्र में भी भ्रमण पर रही।

सुरक्षा के मद्देनजर शहर के सभी प्रमुख चौंक चौराहों में पुलिस बल तैनात किया गया है। शहर में चार पहिया पुलिस पेट्रोलिंग के साथ बाइक पेट्रोलिंग भी सक्रिय है जिससे पुलिस की पहुंच गली मोहल्लों तक होगी। डायल 112 और पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर-9479193299 भी अलर्ट मोड पर हैं ताकि किसी भी शिकायत, सूचना पर तत्काल प्रभाव से पुलिस कार्यवाही करेगी और शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटगी। होली में हुड़दंग पर विशेष नजर रहेगी, सोशल मीडिया पर भी साइबर सेल की टीम निगाह रखे हुए है। लोगों से आह्वान किया गया है कि अफवाहों पर ध्यान ना दें सुरक्षित तरीके से होली मनावे। जबरन किसी पर रंग ना डालें।


# खरसिया और जोबी कॉलेज के स्टूडेन्ट्स को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



रायगढ़। औद्योगिक कार्यप्रणाली एवं तकनीकी जानकारी लेने जोबी-बर्रा से शहीद वीर नारायण सिंह और खरसिया से महात्मा गांधी शासकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड पहुंचे। यहां विद्यार्थियों ने संयंत्र का बाह्य भ्रमण कर इस्पात उत्पादन के बारे में जानकारी हासिल की, वहीं देशभक्ति आधारित फिल्म शेरशाह देखी और म्यूजिकल फाउंटेन का भी आनंद लिया।

400 से भी अधिक की संख्या में पहुंचे विद्यार्थियों ने अपने छह घंटों के शैक्षणिक भ्रमण में रूचि के साथ भाग लिया। उन्हें प्लांट में काम करने के तरीके और महत्व से लेकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए अमल में लाई जाने वाली बातों के बारे में बेहद रोचक तरीके से जानकारी दी गई। विदित हो कि इस आयोजन के लिए उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने विशेष रूचि लेते हुए सहमति प्रदान की थी। कॉलेज प्रबंधन द्वारा जेएसपीएल प्रबंधन के सहयोग से संयंत्र का भ्रमण कराने का अवसर देने का अनुरोध किया गया था। जिसे जिंदल प्रबंधन ने सहर्ष स्वीकार किया। रविवार की सुबह तकरीबन 11 बजे से शाम 6 बजे तक दोनों ही कॉलेजों के विद्यार्थी अपने प्रशिक्षकों के साथ जेएसपीएल पहुंचे। उनका स्वागत एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडन्ट संजीव चौहान व टीम ने किया। भोजन उपरान्त परिसर में स्थित ऑडिटोरियम के बड़े पर्दे पर वीडियो दिखा कर सभी आगंतुकों को जेएसपीएल समूह व कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। तत्पश्चात् देशभक्ति से ओत-प्रोत कैप्टन विक्रम बत्रा की शहादत पर आधारित शेरशाह मूवी दिखाई गई। जिसे विद्यार्थियों ने खूब पसंद किया। साथ ही जाना कि देश की युवा शक्ति और उनमें छिपी सकारात्मक ऊर्जा किस तरह से देश को आगे ले जा सकती है। इसी कड़ी में महात्मा गांधी कॉलेज के प्राचार्य डॉ.आर. के.तिवारी ने इस शैक्षणिक भ्रमण के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोरोना काल के बाद यह पहला ऐसा बड़ा अवसर रहा, जिसमें इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को मौके पर ले जाकर सफलतापूर्वक जानकारी प्रदान करने का मौका मिला। शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य ने उपने उद्बोधन में जिन्दल प्रबंधन को आभार व्यक्त करते हुए इस सफल शैक्षणिक भ्रमण के लिए छात्र-छात्राओं को बधाई दी। इसी कड़ी में विद्यार्थियों ने जिन्दल परिसर में स्थित म्यूजिकल फाउंटेन का भी आनंद लिया। इस दौरान प्रशिक्षकों में जोबी कॉलेज के सहायक प्रध्यापक सुरेन्द्र पाल दर्शन, वासुदेव पटेल, योगेन्द्र राठिया, अतिथि व्याख्याता सुश्री प्राची पटेल, राहुल राठौर, रितेश राठौर, राम नारायण जांगड़े सहित खरसिया कॉलेज के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं जिन्दल प्रबंधन की ओर से एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडन्ट चौहान, लाइजनिंग विभाग से जीएम हेमंत वर्मा, डीजीएम योगेन्द्र चौधरी, मैनेजर नरेन्द्र चंदेल व पारस पाठक समेत सी.एस.आर. टीम का योगदान सराहनीय रहा।

# आज उड़ेगा अबीर-गुलाल



**कोरबा (आरएनएस)।** रंगों के त्योहार की धूम शहर समेत उपनगरों में सोमवार से ही दिखने लगी है। बाजार में जहां देखोए वहां रंग व गुलाल की दुकानें सजी हुई हैं। त्योहार की खुशियां मनाने के लिए लोगों की भीड़ बाजार में बढ़ गई है। लोग जरूरी सामग्री की खरीदारी करने बाजार में पहुंच रहे हैं। इसके कारण हर तरफ रंगोत्सव का माहौल बना हुआ है।

मंगलवार को होलिका दहन के बाद बुधवार को रंगोत्सव मनाया जाएगा। शहर के हर मोहल्ले और कॉलोनियों से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में दहन के लिए होलिका बनकर तैयार है। कहीं-कहीं होलिका को सजाया भी गया है, तो कहीं आयोजनों के माध्यम से सामूहिक रूप से उत्सव मनाने की तैयारी कर ली गई है। शहर के श्याम मित्र मंडल द्वारा श्याम मंदिर में रंग-गुलाल के साथ फूलों की होली खेलने का भी आयोजन की है।

ज्योतिषी और भगवताचार्य पं. दशरथनंदन द्विवेदी के अनुसार 7 मार्च को सूर्यास्त के पूर्णिमा का प्रभाव 10 मिनट का मिल रहा है। इसलिए प्रदोषकाल में ही मंगलवार शाम 6 से रात 8 बजे के बीच होलिका दहन करना उचित होगा। उन्होंने बताया कि दिशाओं के कारण देश के अलग-अलग राज्यों में होलिका दहन को लेकर अलग राय बन रही है। इससे अलग होलिका दहन फाल्गुन शुल्क की प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा को भद्रा रहित करना शास्त्रोक्त बताया गया है। 7 मार्च को प्रदोषकाल में ही होलिका दहन करना चाहिए।

# आम जन को राहत देने स्वास्थ्य सुविधाओं में करें विस्तार- कलेक्टर सिन्हा

- विगत 10 वर्षों बाद हुई जीवन दीप समिति की बैठक
- जिला अस्पताल के स्पेशलिस्ट डॉक्टर अन्य अस्पतालों में भी दे सेवाएं
- सेटअप में जीवन दीप समिति के अनुमति के बिना न भरे जाएं पद
- कलेक्टर सिन्हा ने ली जीवन दीप समिति की बैठक





**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में विगत 10 वर्षो के बाद आज जीवन दीप समिति की बैठक किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने जनसामान्य के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जीवन दीप समिति की आय-व्यय एवं समिति के माध्यम से मानव संसाधन भर्ती की जानकारी ली। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि शासन द्वारा स्वीकृत पदों के विरुद्ध भर्ती नहीं होनी चाहिए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा एवं निगम आयुक्त संबित मिश्रा भी उपस्थित रहे।

बैठक में जीवन दीप समिति द्वारा अस्पताल में नालियों के निर्माण-मरम्मत, मुख्य द्वार से ब्लड बैंक तक रोड निर्माण, ब्लड बैंक हेतु फ्रीज क्रय, जिला चिकित्सालय के अंतर्गत संचालित 100 बिस्तरीय मातृ एवं शिशु अस्पताल के आयुष्मान भारत के खाते का संचालन,जीवन दीप समिति के अंतर्गत कार्यरत मानव संसाधनों के पदानुरूप मानदेय निर्धारित करने संबंधी, मारूति इको एम्बुलेंस की उपलब्धता, जिला चिकित्सालय अंतर्गत एमसीएच में संचालित एसएनसीयू में कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं लिफ्ट परिचालन हेतु मानव संसाधन की नियुक्ति, जिंदल ओपीडी की पोताई, सीसी टीवी कैमरा ब्लड बैंक व अस्पताल भीतर लगवाने संबंधी, जिला चिकित्सालय के विभिन्न विभागों एवं कार्यक्रम हेतु कम्प्यूटर सिस्टम, लैपटाप क्रय, जिला चिकित्सालय के डायलिसिस विभाग के लिए टेक्नीशियन हेतु मानव संसाधन नियुक्ति जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

कलेक्टर सिन्हा ने नाली निर्माण, पोताई, मरम्मत, मूलभूत कार्य एवं सफाई वस्तुओं की खरीदी समिति के माध्यम से करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आवश्यक चिकित्सकीय उपकरणों की खरीदी, फ्रीज, सीसीटीव्ही कैमरा, कम्प्यूटर, जैसे मांगो पर मांग पत्र बना कर शासन को भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने सीएचएचओ से जिला अस्पताल में पदस्थ स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वे सभी स्पेशलिस्ट डॉक्टर जिले के सीएचसी एवं पीएचसी में भी अपनी सेवाएं प्रदान करें। सीएमएचओ द्वारा जानकारी दी गई कि तैयार शेड्यूल अनुसार विभिन्न अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान की जा रही है। कलेक्टर सिन्हा ने गायनिक ओपीडी के नियमित संचालन के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गंभीर बीमारियों के जांच एवं चिन्हांकन के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों के आवागमन की सुविधा हेतु मेडिकल कालेज एवं एमसीएच तक बस संचालन के दिशा में कार्य करने निगम आयुक्त को निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने समिति को बेहतर वित्तीय प्रबंधन करने के निर्देश दिए, जिससे अस्पतालों में मरीजों की सुविधाओं का विस्तार किया जा सके।

इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर, ईई पीडब्लूडी खाम्बरा, ईई पीएचई परीक्षित चौधरी, सिविल सर्जन डॉ.आर.एन मंडावी, डी.पी.एम. सुश्री रंजना पैकरा एवं विभागीय चिकित्सक उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी. वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480